अग्रवाल महाविद्यालय में यूवा रैड़ क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक यूवा रैड़ क्रॉस और इण्डियन रैड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के दिशा निर्देशानुसार अग्रवाल महाविद्यालय में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल 2018 तक पाँच दिवसीय जिला स्तरीय यूवा रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ हुआ। इस शिविर में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय व जिले के अन्य महाविद्यालय भाग ले रहे हैं। इस शिविर के उद्‌घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री श्याम सुन्दर शर्मा सचिव, जिला रैड़ क्रॉस फरीदाबाद व अध्यक्षता डॉ. कृष्णकान्त, प्राचार्य, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने किया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को समय के मूल्य के बारे में बताया उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की अगर आप सफलता को प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको अपने समय को अपने कार्यों के अनुसार बांटना होगा व सफलता के लिए विचारों में शुद्धता होनी चाहिए और बताया जो अपने माता–पिता का आदर करता है भगवान उसको सफलता प्रदान करते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के भाव से ओत–प्रोत रहने और समाज उत्थान में अपना योगदान देने को प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को बताया की मनुष्य को प्राप्त अवसरों में सर्वश्रेष्ठ सेवा का अवसर होता है। इसलिए स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर श्री बी.बी. कथूरिया (सह–सचिव, जिला रैड़ क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद), जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री इशांक कौशिक, श्री दर्शन भाटिया (प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक), सरदार रतन सिंह आज़ाद (प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक), अग्रवाल महाविद्यालय के यूवा रैड़ क्रॉस शिविर के समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह व काउंसलर डॉ. विनोद राठी, श्री लवकेश व राजकीय नेहरू महाविद्यालय फरीदाबाद के समन्वयक श्री राकेश पाठक मौजूद रहे।